0426CH06

6 कबाड़ीवाली





क्या तुम कभी किसी 'कबाड़ीवाली' से मिले हो – जो कबाड़ खरीदती और बेचती है? यह किरण की सच्ची कहानी है जिसकी पटना में कबाड़ की दुकान है।



मैं गाँव के एक हिंदी माध्यम स्कूल में पढ़ी हूँ। मेरे पिता चाहते थे कि लड़कियाँ भी लड़कों की तरह पढ़ें। मुझे हिंदी और विज्ञान पढ़ना अच्छा लगता था लेकिन गणित से मुझे नफ़रत थी। परंतु आज गणित ही मेरे सबसे ज़्यादा काम आता है। मैं स्कूल में यह कभी सोच भी नहीं सकती थी।

तुम क्या सोचते हो? क्या तुम्हें भी गणित मुश्किल लगता है?

तुम्हें गणित की पुस्तक में सबसे कठिन क्या लगता है? _____

तुम्हें उसमें सबसे आसान पाठ कौन सा लगता है? _____

जब मैं छोटी थी तब मेरे पिता की एक दुर्घटना में मृत्यु हो गई। इसलिए मेरी माँ को दूसरों के घरों में नौकरानी के रूप में काम करना पड़ा। हम बहुत मुश्किल समय से गुजरे। मुझे कक्षा 8 के बाद स्कूल छोड़ना पड़ा। मैं और आगे पढ़ना चाहती थी लेकिन मेरी माँ ने मेरी शादी कर दी।

मेरे पति का परिवार एक कच्चे मकान में रहता था। उनके दो भाई और एक बहन स्कूल नहीं जाते थे। मेरे पति की चाय की एक दुकान थी।

पता लगाओ – एक कप चाय की कीमत

लोगों से पूछकर एक कप चाय की कीमत मालूम करो।

★ एक चाय की दुकान पर _____

★ होटल में _____

अगर एक आदमी चाय की दुकान से एक दिन में 30 रुपये कमाता है तो वह 10 दिन में कितना कमाएगा? _____

एक महीने में? _____

तुमने ये जवाब कैसे निकाला? बातचीत करो।





मैंने अपना खुद का व्यापार करने की सोची। कभी एक चूड़ी की दुकान खोलने की सोची तो कभी दर्ज़ी की दुकान। लेकिन मेरे चाचा ने कहा कि हम कबाड़ी की दुकान खोलकर ज़्यादा कमा सकते हैं।

2001 में मैंने और मेरी सास ने मिलकर कबाड़ी की दुकान खोली। हमने दुकान के लिए 8000 रु. उधार लिए।

पता लगाओ – उधार क्या है?

★ क्या तुमने कभी किसी से **उधार** लेने के बारे में सुना है?
किसलिए? _____

★ कितना उधार लिया गया था? _____

★ कितना पैसा वापस किया गया? _____

हरिया और बाबू 300 रुपये में हाथ-ठेला खरीदना चाहते हैं।



हरिया

मैंने एक बैंक से 300 रुपये उधार लिए। छह महीने तक मैं 51 रुपये प्रति माह बैंक को लौटाऊँगा।

लेकिन मैंने चुन्नीलाल से 300 रुपये लिए। छह महीने बाद में उसे 360 रुपये लौटाऊँगा।



बाबू

किसको अधिक पैसे लौटाने पड़ेंगे — हरिया को या बाबू को? _____



लोग हमारे काम के बारे में सुनकर बहुत हँसे और मज़ाक उड़ाया। उन्होंने इसे गंदा काम कहा। लेकिन मैं ऐसा नहीं सोचती। मैं जानती थी कि मैं इस काम में सफलता प्राप्त करूँगी।

अब हमारे पास एक पक्का मकान है जहाँ बिजली भी है। हमारे पास फ्रिज़ है, टी.वी. है और गैस स्टोव है। मेरे पति के भाई-बहन और मेरी बेटी भी स्कूल जाती है।





मेरे अपने 9 रिक्शे हैं, मैं इन रिक्शों को 20 रुपये प्रतिदिन प्रति रिक्शा के हिसाब से किराए पर देती हूँ। लेकिन मैं रविवार को किराए का एक भी पैसा नहीं लेती।

किरण 9 रिक्शों से रोज़ कितना कमा लेती है?

एक रिक्शे से उसे 20 रुपये मिलते हैं।

इसलिए वह 9 रिक्शों से _____ रुपये कमाएगी।

तुम यह कैसे करोगे?

देखो! मैं इसे इस तरह करूँगा। 9 बार 2 हों तो 18 होता है। इसी तरह 9 बार 20 हों तो 180 होगा।



लेकिन मुझे इसका एक आसान-सा तरीका मिल गया है। 10 रिक्शों के लिए उसे मिलेंगे 20 रुपये × 10 = 200 रुपये। उसके पास 9 रिक्शे हैं तो उसे कुल रुपये 200 – ___ = ___ रुपये मिलेंगे।

क्या तुम्हारे दिमाग में इसको करने के लिए कोई और तरीका आता है?

छात्रों को प्रेरित करें कि वे अपने ढंग से इसको करें। इस पर भी चर्चा करवाई जा सकती है कि वे उत्तर तक कैसे पहुँचें?

* किरण एक सप्ताह में एक रिक्शे से कितना कमा लेती है?

* **अपने दिमाग में करें और उत्तर लिखें।**

2×6 = _____	4×80 = _____
20×6 = _____	4×81 = _____
2×60 = _____	9×25 = _____
3×42 = _____	31×9 = _____






मेरी खुद की छोटी-सी कबाड़ी की दुकान है। मैं कबाड़ीवालों से कबाड़ खरीदती हूँ। वे घर-घर जाकर हाथ-गाड़ी में कबाड़ इकट्ठा करते हैं। मैं उनसे खरीदकर बड़ी दुकानों पर बेच देती हूँ।

इस कबाड़ के लिए कितने रुपए दिए जाएँ?

किरण ने कबाड़ीवालों से कुछ कबाड़ खरीदा।

आज की कीमत देखने के लिए मूल्य सूची देखो। कबाड़ की कीमत मालूम करने में किरण की सहायता करो।

* 31 किलोग्राम अखबार के लिए किरण कितने रुपये देगी?



यह अभ्यास बच्चों को गुणा करने की अलग-अलग विधियों (मानक विधि के अतिरिक्त) का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

रेट लिस्ट	
कबाड़	कीमत प्रति किलो
1. बेकार कागज़	4 रुपये
2. अखबार	5 रुपये
3. लोहा	12 रुपये
4. पीतल	170 रुपये
5. प्लास्टिक	10 रुपये

* किरण को 42 किलो अखबार के लिए कितना पैसा देना पड़ेगा?
* नीचे लिखी वस्तुओं की कीमत पता करो –
  (क) 22 किलो प्लास्टिक
  (ख) 23 किलो बेकार कागज़
  (ग) 12 किलो लोहा

क्या तुम इसे बिना लिखे कर सकते हो?

सोचो, किरण ने कबाड़ीवाले को कुल कितने पैसे दिए होंगे?
600 रुपये से ज़्यादा
600 रुपये से कम

सयानी किरण का कबाड़ बेचना

किरण अपना सारा कबाड़ बड़ी दुकान पर बेच देती है। पहले वह मोबाइल फोन से कीमत पूछती है और तभी बेचती है जब उसे अच्छी कीमत मिलती है।



आज फिर वह दीनू की बड़ी दुकान पर प्लास्टिक, अखबार, लोहा और पीतल बेचने गई।

दीनू ने 32 किलो लोहा, 4 किलो पीतल, 152 किलो अखबार और 63 किलो प्लास्टिक तोला।





(क) *दीनू ने 63 किलो प्लास्टिक के बदले कितना पैसा दिया?*


1 किलो प्लास्टिक की कीमत 12 रुपये है। इसलिए 63 किलो प्लास्टिक की कीमत 63 × 12 रुपये होगी।

याद करो कक्षा तीन में तुमने गुणा करने के लिए बॉक्स का प्रयोग किया था।

दीनू की रेट लिस्ट

कबाड़	कीमत प्रति किलो
1. अखबार	6 रुपये
2. लोहा	14 रुपये
3. पीतल	180 रुपये
4. प्लास्टिक	12 रुपये
5. बेकार कागज़	4.50 रुपये

	60	3
10	60 × 10 **600**	3 × 10 **30**
2	60 × 2 **120**	3 × 2 **6**



दीनू ने बॉक्स में अंकों को जोड़ा–

600
120
30
\+ 6

756

इसलिए 63 किलो प्लास्टिक के लिए दीनू 756 रुपये देगा।

* किरण ने 1 किलो प्लास्टिक 10 रुपये का खरीदा लेकिन 1 किलो प्लास्टिक 12 रुपये का बेचा। 1 किलो प्लास्टिक बेचने के बाद उसके पास कितने पैसे बचे? _____ रुपये

फिर 63 किलो बेचने के बाद वह कितना पैसा कमाएगी? _____

(ख) ***किरण ने 32 किलो लोहा बेचा***

* दीनू 32 किलो लोहे के लिए कितने पैसे देगा?
* किरण 1 किलो लोहा 12 रुपये में खरीदती है लेकिन 14 रुपये में बेचती है।

यदि किरण 32 किलो लोहा बेचे तो वह कितना पैसा कमाएगी? _____ रुपये

(ग) ***152 किलो अखबार की रद्दी के लिए दीनू कितने पैसे देगा?***

1 किलो अखबार की कीमत है 6 रुपये। अत: 152 किलो अखबार की कीमत होगी 6 × 152 रुपये।

दीनू ने लिखा –

	100	50	2
6	100 × 6	50 × 6	2×6
	600	**300**	**12**



6 × 100 = 600 इसलिये उत्तर 600 से अधिक होगा। क्या उत्तर 1000 से कम आएगा?

तुमने अंदाज़ा कैसे लगाया?

उसने फिर बॉक्स में अंकों को जोड़ा –

$$\begin{array}{r} 600 \\ 300 \\ +\ \ 12 \\ \hline 912 \\ \hline \end{array}$$

मैंने 1 किलो अखबार 5 रुपये में खरीदा लेकिन 6 रुपये में बेच दिया।

मैंने 152 किलो अखबार बेचकर कितने पैसे कमाए?



इसलिए 152 किलो अखबार के लिए वह किरण को 912 रुपये देगा।

(घ) ***दीनू ने पीतल के लिए कितना पैसा दिया?***

4 किलो पीतल के लिए दीनू को कितने पैसे देने पड़ेंगे? _____



पहले उत्तर का अंदाज़ा लगाओ।

पहले अंदाज़ा लगाओ फिर गणना करो –

(क) 37 × 18 =

(ख) 45 × 24 =

(ग) 69 × 52 =

(घ) 77 × 55 =

(ङ) 142 × 5 =

(च) 382 × 3 =

(छ) 2 × 175 =

(ज) 4 × 206 =

मेरी डायरी भरो

किरण ने कबाड़ीवालों से कुछ कबाड़ खरीदा। उसने उन्हें 841 रुपये दिए। उसने दीनू की बड़ी दुकान पर कबाड़ बेचा और दीनू ने उसे नीचे दिखाए गए नोट और सिक्के दिए।


के 6 नोट


के 3 नोट


के 8 नोट


के 7 नोट


के 4 सिक्के


के 6 नोट

किरण ने अपनी डायरी में कुछ इस तरह लिखा –

11 मार्च 2007

मैंने दिए — 841 रुपये

मुझे मिले	— 600 रुपये	
	— 150 रुपये	
	— 140 रुपये	
	— 60 रुपये	
	— 40 रुपये	
	— 4 रुपये	
कुल	— 994 रुपये	994 रुपये
		– 841 रुपये
	मैंने कमाए –	153 रुपये

इसके बाद उसने कबाड़ीवालों को 919 रुपये दिए। जब उसने इस कबाड़ को बेचा तो दीनू से उसे नीचे दिखाए गए नोट और सिक्के मिले।



अब तुम उसकी डायरी में लिखो।

मालूम करो कि इस बार उसने क्या कमाया?

18 मार्च 2007